महत्वपूर्ण

संख्या-3/2017/253/18-2-2016-3(एसपी)/2010

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

3- आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन उत्तर प्रदेश,
कानपुर ।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 28 अप्रैल, 2017

विषयः उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स)-2016 का प्रभावी क्रियान्वयन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-5/106/253/18-2-2016-3(एसपी)/2010, दिनांक 01 अप्रैल, 2016 (प्रतिलिपि संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स)-2016 को प्रख्यापित करते हुये इसकी विषयवस्तु से सम्बन्धित वित्तीय नियम संग्रह खण्ड- V भाग-1 के परिशिष्ट XVIII एवं उसके अनुलग्नक के सम्बन्धित प्राविधानों को संशोधित समझे जाने के साथ उक्त शासनादेश के प्रस्तर-4 के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2- इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स)-2016 के प्रस्तर-1.2 की व्यवस्था के अनुसार उक्त मैनुअल की व्यवस्थायें प्रदेश के समस्त सरकारी विभागों तथा अधीनस्थ एवं सम्बद्ध कार्यालयों पर लागू है। राजकीय निगमों तथा स्वायत्तशासी संस्थाओं द्वारा भी उक्त प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल को सक्षम स्तर से अनुमोदन लेकर अंगीकृत किया जा सकता है। उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ_गुड्स)-2016 शासन की वेबसाइट www.shasanadesh.up.nic.in पर उपलब्ध है।

3- उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स)-2016 के क्रियान्वयन हेतु क्रय प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्धारित विभिन्न समितियों के गठन विषयक आदेश संबंधित प्रशासनिक विभाग द्वारा निर्गत किये जायेंगे।

4- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स)-2016 की व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

राहुल भटनागर
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0, राजभवन, लखनऊ।
3- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
4- स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव उ0प्र0 शासन को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों व प्राधिकरणों को शासनादेश अनुपालन हेतु सम्यक निर्देश अपने स्तर से जारी करें।
6- अध्यक्ष, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली।
7- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ0प्र0, इलाहाबाद।
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (लेखा) अनुभाग-1
9- सचिवालय के समस्त अनुभाग/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

डा0 रजनीश दुबे
प्रमुख सचिव।